




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 166 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 02 अप्रैल 2025 | मूल्य 2 रुपया




## टियागो में मिली छह पेटी शराब, तीन गिरफ्तार

**शामगढ़, 01 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। चंदवासा चौकी पुलिस ने मुखबीर सूचना पर टियागो कार से छह पेटी देशी शराब बरामद की है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**

शामगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर ग्राम बोरखेड़ी रेड़का के डेरा से बर्डिया उंचा कच्चा रास्ता तालाब के पास दबिश दी गई। मौके से आरोपी कमलसिंह पिता प्रतापसिंह जाति सौ.राज. उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम हतई थाना शामगढ़, गणपत उर्फ घनश्याम पिता वरदीलाल उर्फ वरदीचंद गायरी उम्र 29 वर्ष निवासी तोलाखेड़ी थाना शामगढ़, राजु उर्फ राजेन्द्र पिता बद्रीलाल उर्फ बाबुलाल धनगर जाति गायरी उम्र 25 वर्ष निवासी हतई थाना शामगढ़ को हिरासत में लिया गया। इनके पास टाटा कंपनी की कार टियागो की तलाशी ली गई। जिसमें 06 पेटी देशी प्लेन मदिरा शराब मिली। प्रत्येक पेटी मे 50-50 क्वार्टर कुल 300 क्वार्टर 54 लीटर किमती 21000 रुपये जप्त की गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## दलावदा से लापता नाबालिग नीमच में मिली

**सीतामऊ, 01 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम दलावदा से लापता हुई एक नाबालिग को नीमच से दस्तयाब किया गया है।

सीतामऊ थाना क्षेत्र के दलावदा से 29 मार्च को नाबालिग पुत्री सोनू (परिवर्तित नाम) उम्र 17 साल के घर से खेत पर जाने के लिए कहकर जाने के बाद वापिस घर नही लौटी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश में गठित विशेष टीम द्वारा लोकेशन के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। बाद प्राप्त साक्ष्यो के आधार पर अनुसंधान करते मुखबीर तंत्र के आधार पर अपहर्ता को नीमच से बरामद कर सफलता प्राप्त की।

# टैंकर माफिया होने लगे सक्रिय..!

### ✻ शिवना में रोजाना चोरी हो रहा लाखों गैलन पानी
### ✻ जलकर बढ़ाने में रुचि, पानी चोरी रोकने में नाकाम नपा

**मंदसौर, 01 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। नगर पालिका परिषद अभी तक चंबल योजना, कालाभाटा डेम जैसी कई स्कीमों पर करोड़ो रुपया बर्बाद कर चुकी है। बर्बाद इसलिए कहा जा रहा है कि इनका शत प्रतिशत तो ठीक 70 प्रतिशत लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। इधर जलकर में राशि में बढ़ोतरी कर दी गई। उधर रोजाना लाखों लीटर पानी शिवना से चोरी हो रहा है। लेकिन, शिवना से पानी चोरी रोकने में नपा नाकाम साबित हो रही है।**

बता दें कि शिवना नदी में मुक्तिधाम से लेकर कालाभाटा बांध तक कई खेतो में बिजली मोटरों से पानी की खुलेआम चोरी हो रही है। स्थिति यह है कि तीन दिन में एक सप्लाई जितना पानी खींचा जा रहा है। कार्रवाई से बेखौफ लोगों ने पानी चोरी के लिए स्थायी साधन बना लिए हैं। चोरी रोकने के निर्देश और टीम गठित करने तक ही कारवाई सीमित है। अभी तक कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। इधर भीषण गर्मी से पहले ही टैंकर माफिया सक्रिय नजर आने लगे हैं। पानी की खपत बढ़ते ही शहर में टैंकर माफिया भी सक्रिय हो गए हैं। शहरवासियों का कहना है कि नपा ने हाल में ही टैक्स बढ़ोतरी की गई। यदि बावजूद इसके गर्मी में पेयजल को लेकर परेशानी बढ़ती है तो फिर लोगों को टैंकर या अन्य साधनों का उपयोग करना पड़ेगा। इससे लोगों की जेब पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा।

उल्लेखनीय है कि करोड़ो की योजनाओं में हुए भ्रष्टाचार के कारण पूराने सिस्टम और स्त्रोतों के माध्यम से ही जल सप्लाय हो रहा है। चंबल योजना के तहत 24 घंटे पंप चलने का दावा जिम्मेदार कर रहे थे, लेकिन शहर में हो रही सप्लाई में शिवना व कुएं, नलकुपों का पानी ही अधिक मात्रा में लिया जा रहा हैं। पूरी तरह फैल हो चुकी चंबल योजना को नपा के जिम्मेदार हमेशा ठीक-ठाक दिखाने की कोशिश करते रहे हैं। हालात यह है कि शिवना नदी पर बने कालाभाटा बांध में केवल 12 फिट पानी शेष बचा हैं। इससे जुलाई माह तक शहर की प्यास बुझाना मुश्किल है। गर्मी में नदी का पानी वाष्पीकरण भी होता हैं। इधर नपा के जिम्मेदार यह दावा कर रहे है की चंबल के दोनों पंप से प्रतिदिन 18 एमएलडी पानी की आवक हो रही हैं। जबकि, हकीकत यह है की शहर में पेयजल सप्लाई में नपा अधिक मात्रा में शिवना और कुओं- नलकुपों का ही पानी उपयोग कर रही है। यहीं कारण है की वर्षा ऋतु के बाद के छह माह में कालाभाटा बांध के अनेको बार गेट खोलकर पानी को रामघाट बैराज ला चुकी हैं। अगर चंबल से प्रतिदिन 18 एमएलडी पानी आ रहा है तो फिर वह पानी कहां जा रहा है। जबकि शहर में प्रतिदिन सप्लाई 44 एमएलडी में नपा 18 एमएलडी पानी शहरभर के कुओ व नलकूपों से लेती है। 18 एमएलडी पानी चंबल से आ रहा है तो शिवना का पानी तेजी से क्यों खाली हो रही है। 52 करोड़ की चंबल योजना में आज तक पर्याप्त पानी की आवक एक भी दिन नहीं हुई है। कभी लाइन फूट रही है तो कभी इंटकवेल पर खराबी व अन्य कारण से चंबल के पानी की आवक अब तक ठीक से हुई ही नहीं हैं। दोनों पंप चलाने पर लाइन फूट रही थी। नपा द्वारा कम प्रेशर से दोनों पंपो से पानी लेना शुरू किया गया।

### काला भाटा बैराज का जलस्तर 12 फीट ...

आदेश जारी होने के 03 माह बाद भी नपा शिवना नदी से पानी की चोरी नहीं रोक पाई है। प्रतिबंधित क्षेत्र पशुपतिनाथ मंदिर से रामघाट के बीच खुलेआम नदी किनारे सिंचाई मोटरों की सहायता से बड़ी मात्रा में पानी की चोरी हो रही है। हालात ऐसे ही रहे तो इस बार औसत से अधिक बारिश होने के बाद भी पेयजल संकट की स्थिति बनेगी। नपा ने पिछली बार गर्मी सोजन में बैराज खाली होने के चलते इसी छोर का पानी उलीचकर शहरवासियों की प्यास बुझाई थी। गर्मी सीजन की शुरुआत में ही 21 फीट क्षमता वाले कालाभाटा बांध का जलस्तर घटकर 12 फीट पहुंच गया है। अन्य पेयजल स्त्रोत में भी लगातार कमी देखने को मिल रही है।




# शामगढ़ के कार्यकर्ताओं ने मंदसौर में विरोध दर्ज कराया

**जिला भाजपा अध्यक्ष से की मुलाकात, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि पर लगाए जातिगत द्वेषता के आरोप**

### 60 सदस्यीय कार्यकारिणी में राजपूत समाज को भी नहीं दिया प्रतिनिधित्व..!

**मंदसौर, 01 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा के संविधान के अनुसार सभी मंडलो में अध्यक्ष या महामंत्री में से एक पद अजा-जजा व्यक्ति को दिया जाना चाहिए। लेकिन, सोमवार को घोषित शामगढ़ मंडल भाजपा की कार्यकारिणी में महामंत्री के दो पदो में से एक भी पद पर अजा-जजा के कार्यकर्ता को महत्व नहीं दिया गया। आश्चर्य की बात यह भी है कि 18 पदाधिकारी सहित 60 सदस्यीय कार्यकारिणी को देखा जाए तो इनमें एक भी राजपूत को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया हैं। मंगलवार को मंदसौर आए शामगढ़ अजा/अजजा मोर्चा के पदाधिकारियो ने जिला भाजपा अध्यक्ष से मिलकर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि स्वयं को भाजपा से भी बढ़ा समझने लगे है। उनका कहना है कि मैं छोटे लोगो को अपने साथ नहीं बैठा सकता हूं!

मंगलवार को अनुसूचित जाति-जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंदसौर आए। यहां जिला भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित से चर्चा कर शामगढ़ भाजपा मंडल की कार्यकारिणी को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। अजा-जजा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने कहा कि दलित वर्ग से एक महामंत्री बनाया जाना चाहिए। यही भाजपा का विधान भी कहता है। उन्होंने शामगढ़ मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीलकमल मेहता के प्रतिनिधि राजेश मेहता पर जातिगत द्वेषता का आरोप लगाते हुए कहा की श्री मेहता का कहना है कि मैं छोटी जाति के लोगों को पद नहीं दे सकता हूं। उन्हें मेरे पास कैसे बैठा सकता हूं। अजा मोर्चा के लोगों का कहना है कि भाजपा पार्टी छोटे से लेकर बड़ो तक सबकी है। अकेले नीलकमल मेहता की पार्टी नहीं है, दलित वर्ग को पद देने से इनकार कर रहे हैं। इस दौरान शामगढ़ मंडल भाजपा अजा मोर्चा के लोग उपस्थित थे।



### मंडल अध्यक्ष के भी प्रतिनिधि...?

सरकारी की मंशा है कि महिलाओ को राजनीति के साथ ही सभी क्षेत्रो में आगे लाया जाए। इसके लिए महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात भी कही जाती है। अभी भाजपा संगठन में 33 प्रतिशत आरक्षण तो नहीं लेकिन, कुछ स्थानो पर मंडल अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के रूप में महिलाओ को पदस्थ किया गया है। मंदसौर जिले में शामगढ़ मंडल अध्यक्ष के रूप में पूर्व मंत्री, सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग की पसंद के रूप में श्रीमती नीलकमल राजेश मेहता को नियुक्त किया गया। लेकिन, यहां भी ऐसा लग रहा है कि वे स्वयं नहीं संगठन को भी उनके प्रतिनिधि राजेश मेहता ही चलाने की कोशिश कर रहे है।

### सीनियर है दोनों दलित नेता...

जिला भाजपाअध्यक्ष से मिलकर शिकायत दर्ज कराने वाले दोनो दलित नेता श्रीमती नीलकमल और उनके पति राजेश मेहता से सीनियर है। इनमें से एक पूर्व में नगर परिषद के उपाध्यक्ष रह चुके है तो एक वर्तमान नगर परिषद में सभापति है। लेकिन, उन्हें भी तवज्जो नहीं दी जा रही है।

### इनका कहना...

शामगढ़ मंडल भाजपा की कार्यकारिणी में चूंकि अध्यक्ष महिला है, इसलिए महामंत्री पद पर अजा/अजजा को प्रतिनिधित्व दिया जाना जरुरी नहीं है। सोमवार को ही भोपाल में हुई बैठक में यह निर्देश दिए गए है। शामगढ़ नप सभापति को कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनाया गया है। मेरे पास कार्यकर्ता आए थे, उन्हें समझा कर संतुष्ट कर भेजा है।

**पं. राजेश दीक्षित, जिलाध्यक्ष, भाजपा**

# नवरात्र, रामनवमी सहित पूरे माह त्यौहारों की धूम

**मंदसौर, 01 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नवरात्र, राम नवमी के साथ ही पूरे अप्रैल माह में त्योहारों की धूम रहेगी। इस दौरान कई तीज त्योहार आएंगे साथ ही व्रत पर्व भी रहेंगे।

अप्रैल के पहले पखवाड़े में हर दूसरे दिन पर्व, त्योहार रहेंगा। शुक्ल प्रतिपदा के साथ हिंदू नववर्ष की शुरुआत हो चुकी है। इस समय शक्ति की आराधना के पर्व नवरात्र चल रहे हैं। श्रद्धालु माता रानी के अलग-अलग रूपों की आराधना कर रहे हैं। मंदिरों और घरों में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं। इसके साथ ही पूरे शहर में भक्ति का उत्साह नजर आ रहा है। नवरात्र के समापन पर रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के राम मंदिरों में विशेष कार्यक्रम होंगे। इस समय खरमास के कारण शादियों पर विराम लगा हुआ है। लेकिन, 14 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में पहुंचने के साथ ही विवाह सहित बड़े मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी।

### महावीर जयंती, हनुमान जयंति और बैसाखी की भी धूम...

शहर में अलग अलग समाजों के पर्वों की धूम रहेगी। 10 अप्रैल को जैन समाज के लोग भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मनाएंगे। इस मौके पर शहर में जगह-जगह वाहन रैलियां, शोभायात्राएं निकलेगी। जबकि, 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान बालाजी के सभी मंदिरो में सजावट कर अखंड रामायण, सुंदरकांड, हनुमान चालिसा, भंडारे, भजन-कीर्तन के आयोजन होंगे।

### यह रहेंगे प्रमुख त्योहार...

| | | |
|---|---|---|
| 01 अप्रैल | - | गणगौर |
| 05 अप्रैल | - | दुर्गाष्टमी |
| 06 अप्रैल | - | रामनवमी |
| 10 अप्रैल | - | महावीर जन्मोत्सव |
| 12 अप्रैल | - | हनुमान प्रकोटत्सव |
| 13 अप्रैल | - | बैसाखी |
| 14 अप्रैल | - | आंबेडकर जयंती, विशु पर्व |
| 16 अप्रैल | - | गणेश चतुर्थी |
| 18 अप्रैल | - | गुड फ्रायडे |
| 20 अप्रैल | - | ईस्टर सनडे |
| 21 अप्रैल | - | शीतला अष्टमी |
| 24 अप्रैल | - | वरुथिनी एकादशी |
| 25 अप्रैल | - | प्रदोष व्रत |
| 27 अप्रैल | - | स्नान दान अमावस्या |
| 30 अप्रैल | - | अक्षय तृतीया, परशुराम जन्मोत्सव |

# झारड़ा में शराब की दुकान हटाने को लेकर लामबंद हुई महिलाएं

**पिपलियामंडी-मनासा मार्ग पर जाम लगाकर की नारेबाजी, विरोध के कारण शुरु नही हो पाया शराब का विक्रय**

**पिपलियामंडी, 01 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गांव झारड़ा रहवासी क्षेत्र में लगने वाली शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर महिलाओं ने पिपलियामंडी-मनासा मार्ग पर जाम लगा दिया। करीब 25 मिनिट तक महिलाओं व ग्रामीणों ने सड़क पर नारेबाजी की। पुलिस मौके पहुंची व जाम खुलवाया। उल्लेखनीय है कि अप्रेल से शराब के नए ठेके हो रहे है। झारड़ा में शराब की दुकान पहले हरमाला रोड़ पर संचालित हो रही थी, लेकिन नए ठेके होने के बाद नए ठेकेदार ने उक्त दुकान को झारड़ा में पिपलियामंडी-मनासा मुख्य मार्ग पर संचालित करने के लिए तैयारी शुरु कर दी। लेकिन रहवासी क्षेत्र में दुकानों व मकानों के बीच शराब दुकान लगाने की तैयारी के बाद इसे हटाने के लिए ग्रामीण व महिलाएं लामबंद हो गई। महिलाएं व ग्रामीण एकत्रित हो गए और नारेबाजी की। करीब 25 मिनिट तक लोग सड़क पर नारेबाजी करते रहे। सूचना पर नारायणगढ़ टीआई अनिल रघुवंशी, झारड़ा चोकी प्रभारी मनोज गर्ग मौके पहुंचे, ग्रामीणों की मांग थी कि शराब की दुकान यहां से अन्यत्र लगाई जाए। हालांकि दुकान खुली हुई है, लेकिन विरोध के कारण अभी शराब की बिक्री शुरु नही हो पाई है। उल्लेखनीय है कि विरोध से एक दिन पूर्व सैकड़ों ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव को भी दिया था। जिसमें बताया कि हमारा निजी व्यवसाय मुख्य मनासा-पिपलियामंडी मार्ग पर विगत् कई वर्षों से संचालित करते है, हमारे व्यवसाय से ही परिवार का पालन पोषण हो रहा है। लेकिन हमारे घर व संस्थानों के निकट शराब की दुकान संचालित होने वाली है, जिससे परिवार व व्यवसाय पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। सामाजिक तौर हमें हीन भावना का सामना करना पड़ेगा और हमारा रोजगार भी छीन जाएगा।



**आबकारी विभाग को अवगत कराया है:-** चौकी प्रभारी मनोज गर्ग ने बताया विरोध के बाद कुछ महिलाएं सड़क पर विरोध कर रही थी, जिन्हें कुछ देर बाद आश्वासन देकर मार्ग चालू करवा दिया था। फिलहाल ठेकेदार ने शराब की बिक्री बंद कर दी है, मामले को लेकर आबकारी विभाग को अवगत कराया है, आबकारी विभाग का कहना है अगर विरोध नही है तो ठेकेदार कहीं भी दुकान संचालित कर सकता है।

# चोरी की पिकअप में शराब तस्करी

### 60 लीटर जहरीली शराब के साथ चोरी गए दो वाहन जप्त

**मंदसौर, 01 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी और इंदिरा कॉलोनी से दो पिकअप बीते दिनो चोरी हो गई थी। पुलिस पिकअप को ढूंढ ही रही थी कि इसी दौरान सूचना पर पुलिस ने सिंपदपन के पास दबिश दी। जिसमें चोरी की एक पिकअप बरामद हुई। पिकअप से शराब की तस्करी की जा रही थी। मौके से पुलिस को 60 लीटर जहरीली शराब मिली। आरोपी से पूछताछ करने पर अन्य दो लोगों के नाम सामने आए। जिनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई एक और पिकअप भी बरामद कर ली गई है।

वायडी नगर पुलिस ने बताया कि गोविंद पिता मागुसिंह पंवार निवासी गडसिंगा थाना इंगोरिया जिला उज्जैन की पिकअप 23 मार्च 2025 को कृषि उपज मंडी से चोरी हो गई थी। वहीं 15 मार्च 2025 को रमेश पिता भेरूलाल कुमावत निवासी नरसिंहपुरा की पिकअप इंदिरा कॉलोनी खाटू श्याम मंदिर के सामने से अज्ञात बदमाश ले गए थे। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु की। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने पर सिंदपन के पास आरोपी सोहेल पीपी उर्फ अन्ना पिता साबीर नियारगर उम्र 23 साल निवासी बोतलगंज थाना पिपलियामंडी को मय पिकअप वाहन के घेराबंदी कर रोका। उसके कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची जहरीली शराब मय चोरी गए पिकअप को विधीवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि उसने उसके साथी सूरज बंजारा, करण मालवीय के साथ मिलकर दोनों पिकअप को चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दोनों पिकअप भी जब्त कर ली है। मामले में दोनों फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सोहेल पीपी उर्फ अन्ना पिता साबीर नियारगर उम्र 23 साल निवासी बोतलगंज थाना पिपलियामंडी आपराधिक प्रवृती का है। उसके विरुद्ध पुर्व मे हत्या, चोरी, फायर आर्म्स, छेड़छाड़ के गंभीर अपराध पंजीबद्ध है।



### युवती को धमकाने, छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 01 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** युवती को धमकाने व छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार फाटक मोहल्ला क्षेत्र में निवासरत युवती को बोतलगंज निवासी युवक मोहसिन धमका रहा था व जबरन उसके साथ रहने के लिए दबाव बना रहा था। जबकि युवती की शादी हो चुकी है। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने मोहसिन को गिरफ्तार कर लिया। टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ व एससीएसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया, जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए है।

# पुलिस कप्तान कर सकेंगे डीएसपी का तबादला...!

**भोपाल, 01 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिलों के भीतर पुलिस अधीक्षकों (पुलिस कप्तान) को अभी तक आरक्षक से लेकर निरीक्षकों तक के स्थानांतरण के अधिकार हैं। अब उप पुलिस अधीक्षकों (डीएसपी) के तबादले भी वे कर सकेंगे। पुलिस मुख्यालय जल्द ही पुलिस अधीक्षकों को यह अधिकार देने की तैयारी कर रहा है। अभी तबादले पुलिस मुख्यालय से होते हैं। पुलिस कप्तान अपनी सुविधा के अनुसार शीघ्र जमावट कर सकें, इसलिए यह व्यवस्था की जा रही है।

जिले के अंदर बदलाव करने के लिए पुलिस विभाग में जिला अधिकारी को अधिकार दे दिए गए हैं। नई व्यवस्था में जिले के पुलिस कप्तान, जिलों के अंदर डीएसपी को भी इधर से उधर कर सकेंगे। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने प्रस्ताव तैयार कर गृह विभाग को मंजूरी के लिए भेज दिया है। अभी डीएसपी और एसडीओपी ... शेष पेज 4 पर

### यह है खास बात...

✻ तबादले में प्रभारी मंत्री की अनुशंसा आवश्यक होगी। ✻ जिलों में डीएसपी की पदस्थापना शहरी क्षेत्रों में सीएसपी, ग्रामीण क्षेत्रों में एसडीओपी के रूप में होती है। ✻ छोटे जिलों में पांच से सात और बड़े जिलों में 10 से अधिक डीएसपी पदस्थ होते हैं। ✻ कानून-व्यवस्था को देखते हुए कई बार डीएसपी या एसडीओपी और पुलिस आयुक्त व्यवस्था में देखें। ✻ डीएसपी स्तर के अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) को तत्काल इधर से उधर करने की आवश्यकता होती है। पर इसके लिए पुलिस मुख्यालय के तबादला बोर्ड से अनुमति लेनी होती है, जिसमें अधिक समय लगता है। ✻ इस कारण अब यह व्यवस्था बनाने का प्रयास चल रहा है। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल में यह व्यवस्था प्रभावी हो सकती है।

# जिला कार्यकारिणी में नजर आएगा किसमें कितना है दम...

**मंदसौर, 01 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** संसदीय क्षेत्र का शक्ति केंद्र मंदसौर जिला माना जाता है। कारण साफ है कि मंदसौर से ही विभाजित कर नीमच जिला बनाया गया है। प्रदेश के दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों का शक्ति केंद्र भी मंदसौर ही बना हुआ है। बीते 20 सालों से प्रदेश पर भाजपा की पकड़ मजबूत बनी हुई है। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी, तब भी इस संसदीय क्षेत्र में भाजपाई मजबूत वर्चस्व बनाए रखते थे। प्रदेश के शीर्ष भाजपाई नेता स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा, डॉ लक्ष्मी नारायण पांडे और वीरेंद्र सकलेचा भी इसी क्षेत्र के प्रतिनिधि थे। बीते डेढ़ दशक तक मंदसौर मुख्यालय से भाजपा के यशपाल सिंह सिसोदिया विधायक थे और सुधीर गुप्ता तीसरी बार सांसद हैं। वर्तमान सत्र में भी क्षेत्र के आठ विधायकों में से मंदसौर से कांग्रेस के एकमात्र विधायक विपिन जैन है। इसी दौरान इसी सत्र में किसान नेता बंशीलाल गुर्जर को भाजपा ने राज्यसभा सांसद नामित किया है।



चन्द्रमोहन भगत

देखा जाए तो भाजपा की राजनीति में ही शक्ति केंद्र बढ़ते जा रहे हैं। वर्तमान भाजपा के नए जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित बने हैं। जबकि, जिले में संगठन के रसूखदार नेताओं के समर्थकों में होड़ लगी है कि जिला संगठन में प्रमुख प्रभावशाली पद पाने की। क्योंकि, राजेश दीक्षित मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र से हैं और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा भी, अत: माना जा रहा है कि देवड़ा समर्थकों को अधिक प्रभावशाली पद दिए जा सकते हैं। वहीं भाजपाई राजनीति में यह चर्चा भी आम है कि देवड़ा के पुराने साथी रहे अनिल कियावत को उनके उप मुख्यमंत्री रहते हाशिए पर किया जा सकता है तो बाकी समर्थकों की क्या बिसात मानी जाएगी!

इससे अलग राजनीतिक दृश्य देखे तो सुधीर गुप्ता अभी तक एक दशक से संसदीय क्षेत्र के जिला संगठनों में अपने समर्थकों को यथायोग्य स्थान दिलाते रहे हैं। इस बार के गठन में परिवर्तन जो नजर नजर आ रहा है, वह यह की बंशीलाल गुर्जर उच्च सदन के सांसद हो जाने के कारण उनके समर्थको की भी मांग रहेगी। साथ ही अपने समर्थकों के साथ वर्चस्व बनाए रखने के लिए यशपाल सिसोदिया भी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। गरोठ से विधायक चंदरसिंह सिसोदिया जो खुद पहले जिला अध्यक्ष रह चुके हैं, अपना वजूद बनाए रखने के लिए अपने समर्थकों को पद दिलाने में मदद करेंगे ही। अनुमान लगाया जा रहा है कि भाजपा की नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ नेताओं से समन्वय रख संसदीय क्षेत्र में पार्टी की जनसाख को पहले की तरह स्थापित कर सभी विधानसभा क्षेत्र से जीतने का वातावरण बनाया जा सके, ऐसी टीम बनाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

